भारत कोकिंग कोल लिमिटेड

बीसीसीएल BCCL Bharat Coking Coal Limited

(एक मिनीरत्न कम्पनी)

(कोल इण्डिया लिमिटेड का एक अंग)

परियोजना पदाधिकारी का कार्यालय, गोन्दुडीह खास कुसुण्डा कोलियरी

पत्रांक :- जी.के.के.सी./परि. पदा./10/2023/ **दिनांक ....**

अपील

बसेरिया गोन्दुडीह खास कुसुण्डा कोलियरी अन्तर्गत गोन्दुडीह बस्ती तथा बसेरीया 04 न० भूमिगत अग्नि प्रभावित भू-धसान प्रभावित क्षेत्र हैं। पूर्व के तकनीकी सर्वेक्षण में उक्त जगहों को असुरक्षित घोषित किया जा सका हैं धोबी कूल्ही बस्ती भी इसी तरह के खतरनाक क्षेत्रों के श्रेणी में हैं के कारण खान सुरक्षा महानिदेशालय द्वारा इस क्षेत्र को असुरक्षित घोषित किया जा चुका हैं। समय- समय पर इन क्षेत्रों में भू-धसान की घटनाएँ हुई है और आगे भी इस तरह की घटनाएँ होने की पूरी संभावना हैं।

आप सभी इस बात से अवगत हैं कि ये क्षेत्र पूर्णतः असुरक्षित घोषित किया जा चुका हैं। यहाँ पर रहना असुरक्षित हैं तथा इन क्षेत्रों में कभी भी दुर्घटना हो सकती है क्योंकि यहाँ समय-समय पर भू-धसान की घटना होती रहती है। वर्षा के मौसम में इसकी संभावना अधिक हो जाती हैं।

इस कार्यालय के द्वारा आप सभी से अपील एवं समाचार पत्रों द्वारा वर्षों से अपील किया जा रहा है कि आप सभी सुरक्षित स्थान में अवस्थित हो जाए ताकि भविष्य में जान माल का खतरा न हो ।

आप सभी से पुनः आग्रह हैं कि आप सभी असुरक्षित स्थान से हटकर सुरक्षित स्थान में अवस्थित हो जायें । कृप्या इसे अति आवश्यक समझे या शीघ्रतिशीघ्र सुरक्षित स्थल पर विस्थापित होवें। उपरोक्त वर्णित अपीलों के बावजूद यदि आप इस क्षेत्र से नहीं हट रहे है तो किसी तरह की जान-माल कि क्षति होने पर बी० सी० सी० एल० प्रबंधन जिम्मेदार नही होगा।

ह०/- परियोजना पदाधिकारी,
जी.के.के.सी. ।

यह सूचना बीसीसीएल की वैबसाइट www.bcclweb.in पर भी उपलब्ध है।